प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 80 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 18 जुलाई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

मुख्यमंत्री का कल होगा सिवनी आगमन

सिवनी यशोः - प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगामी 19 जुलाई को जिले में विकास पर्व के तहत आगमन प्रस्तावित है। विकास और जनकल्याण के माध्यम से प्रदेश को खुशहाल बनाने वाले भाजपा सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री का शिव की नगरी में भव्यता के साथ स्वागत किया जायेगा भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री जी के स्वागत की व्यापक तैयारियाँ की जा रही है । अपने लाडले मुख्यमंत्री के स्वागत का सभी को अवसर प्राप्त हो इसके लिये जिला भाजपा द्वारा विशेष व्यवस्थाएँ की जा रही है ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने जानकारी देते हुये बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन 19 जुलाई को दोपहर 3:00 बजे सुकतरा हवाई पट्टी से सीधे सिवनी आगमन होगा यहाँ भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे एवं जनप्रतिनिधि अगवानी करेंगे । सुकतरा हवाई पट्टी से विकास पर्व यात्रा के तहत मुख्यमंत्री जी छिंदवाड़ा चौक पहुँचेगें जहाँ आदि शंकराचार्य स्तंभ का भूमिपूजन किया जायेगा। यहाँ से मुख्यमंत्री जी मठ तालाब होते हुये ढीमरी मुहल्ला से बस स्टैण्ड होते हुये दलसागर तालाब के किनारे से होते हुये दलसागर तालाब के मुख्य घाट कालेज रोड पहुँचेगे जहाँ मंचीय कार्यक्रम होगा और इसी दौरान प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जनजाति गौरव राजा दलपत शाह की प्रतिमा स्थापना स्थल पर दलासागर तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यो का भूमिपूजन करेंगे तथा उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे और कार्यक्रम के पश्चात भोपाल वापसी होगी ।

सी एम की विकास पर्व यात्रा का व्यवस्थित आयोजन हो - कलेक्टर

समय सीमा बैठक सम्पन्न

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 17 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने बुधवार 19 जुलाई 23 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की ग्राम सुकतरा से जिला मुख्यालय तक होने वाली विकास पर्व यात्रा एवं सभा के व्यवस्थित आयोजन एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित विभाग प्रमुखों को सौंपे गए दायित्वों-निर्देशों के परिपालन में हुए कार्यो की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विकास पर्व यात्रा मार्ग की यातायात एवं वाहन पार्किंग को सुव्यवस्थित बनाए रखने सहित अन्य दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती निधि सिंह राजपूत, अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी सुश्री मेघा शर्मा सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही एवं विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

समय सीमा बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन, समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, पीजी पोर्टल में 50 एवं 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिक शिकायतों वाले विभागो शिकायतकर्ता से त्वरित सम्पर्क कर शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर फॉलोअप दर्ज करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने जन शिकायत, सीएम मॉनिट, माननीय सांसद, माननीय विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के पत्रों में कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश संबंधित अधिकरियों को दिए। उन्होंने प्राकृतिक प्रकोप से होने वाली जन हानि, पशु हानि या अन्य पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए पीड़ित व्यक्ति को त्वरित राहत राशि प्रदाय करवाने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल ने उपसंचालक कृषि से जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण की विस्तृत समीक्षा कर सभी पात्र कृषकों को पात्रतानुसार खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुभागवार खाद्यान्न वितरण की भी विस्तृत समीक्षा की, उन्होंने अत्यधिक वर्षा के चलते चिन्हांकित डूब क्षेत्रों में अग्रिम अनाज सहित अन्य जरूरी संसाधन एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारी को दिए। उन्होंने समूह नल जल योजना अंतर्गत कार्य पूर्ण जैसे नल कनेक्शन, टंकी निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों का क्रॉस वेरिफिकेशन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी तरह कलेक्टर श्री सिंघल ने हितग्राही मूलक विभागांतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यो की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

वन विभाग के 78 कर्मचारियों का तबादला

सिवनी यशोः- सिवनी वन वृत के अंतर्गत हुये स्थानांतरणों को लेकर इन दिनों विभागीय कर्मचारियों के बीच व्यापक चर्चा है । विभागीय चर्चा के अनुसार निकट समय में विभाग द्वारा और भी स्थानांतरण चुनाव आयोग की नीति के अनुसार करना पड़ेगें अभी कुल 78 कर्मचारियों के स्थानांतरण सूची जारी की गयी है परंतु इस सूची में ऐसे कर्मचारियों के नाम शामिल नहीं है जो एक ही स्थान पर वर्षो से जमे हुये है । आगामी माहों में विधानसभा चुनाव 2023 प्रस्तावित है ऐसी स्थिती में उन कर्मचारियों के स्थानांतरण चुनाव आयोग के मापदंड के अनुसार हो सकते है ।

जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा के हस्ताक्षर से अनुमोदित सूची जारी की गयी है । जिसके अनुसार वन वृत अंतर्गत 46 वनरक्षक का प्रशासनिक आधार पर एवं 15 वनरक्षक का स्वयं के व्यय पर स्थान्तरण हुआ है, इसी प्रकार 03 वनपाल का स्वयं के व्यय पर व 02 उपवनक्षेत्रपाल का प्रशासनिक आधार तथा 12 वनपालों का प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण करते हुए अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है। जारी आदेश में बताया गया कि स्थानांतरित कर्मचारियों को नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने हेतु अधिकतम 15 दिवस की अवधि निर्धारित की जाती है। उल्लेखनीय है कि जिले के वन वृत कार्यालय, पेंच टाईगर रिजर्व , दक्षिण सामान्य वनमंडल, उत्तर सामान्य वनमंडल, उत्पादन वनंडल, अनुसंधान एवं परिक्षेत्र कार्यालयों में बीते कई वर्षो से पदस्थ वनरक्षक, वनपाल जो जंगल की सुरक्षा के लिए तैनात किये गये है, उन्हें इन स्थानांतरण नीति से अलग रखा गया है।

जुँआ सट्टे का कारोबार, सरकार की युवा नीति पर पड़ रहा है भारी

सिवनी यशोः- जिले में ऑनलाइन सट्टे के बड़े कारोबारियों के साथ ही जुँआ एवं सूखे नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है और यह सब बिना पुलिस प्रशासन के संरक्षण के संभव नहीं है । पिछले कुछ दिनों से सट्टाबाजो की जो गतिविधियाँ सार्वजनिक हो रही है उससे यह आईने की तरह साफ हो गया है कि तमाम असामाजिक, आपराधिक और अवांछनीय तत्वों की काली कमाई व गोरखधंधे को पुलिस के संरक्षण के बिना संचालित किया जाना संभव नहीं है और इस प्रकार की गतिविधियों से प्रदेश में सत्तारूढ़ शिवराज सरकार की जो बदनामी हो रही है उसे सत्तारूढ दल के लोग समझ नहीं रहे है या समझने का प्रयास नहीं कर रहे है । जिले में तेजी से ऑनलाइन सट्टा और जुँआ के जो फड़ चल रहे है इसके एवज में कुछ जिम्मेदारों द्वारा जमकर कमीशनखोरी की जा रही है और ऐसा भी कहा जा सकता है कि यह कारोबार ही इनका है । इनकी कमीनशनखोरी के चक्कर में जिले का होनहार युवावर्ग बरबाद हो रहा है ।

सट्टा मटका रिजल्ट
यशोन्नति न्यूज
यहां से रिजल्ट चेक करें

ऑनलाइन सट्टा ऐप के जरिए दिखाए जा रहे सब्जबाग और प्रलोभन के चलते जिले के किशोर व युवा इस दलदल में फँसते जा रहे है। करोड़ों रुपए के इस गोरखधंधे के कुचक्र में फँसने के बाद इससे छुटकारा नहीं मिलता और किशोर और युवा पीढ़ी फिर अपराधों के चक्रव्यूह में उलझ जाती है। हालात यह हैं कि अब ऑनलाइन सट्टे में मानवीय रिश्ते बलि चढ़ रहे हैं और लोगों की जान तक जा रही है।

सट्टा और जुंआ के मकड़जाल में फंसकर अनेक परिवार बुरी तरह से बर्बाद हो गये है वहीं अनेक युवाओ ने आत्म हत्या कर ली परिवार के लोगों की हालत बिगड़ गयी है युवाओं का भविष्य चौपट हो गया है इस अनैतिक कारोबार में अनेक व्यापारियों का व्यापार चौपट होगया है । ऑनलाईन सट्टे का कारोबार इतना खतरनाक तरीके से चल रहा है कि इसके माध्यम से आज जो करोड़ो का व्यापारी है वह सट्टे के चक्कर में पड़कर दसरे दिन सडक पर आ जाता है ।

सिवनी जिले में सट्टा जुँआ जैसे अनैतिक कारोबार कथित रूप से बहुत इज्जतदार लोगों का समावेश भी है जो सटोरियों को बुरी तरह अपनी गिरफ्त में फंसाते है और उनका बुरी तरह से आर्थिक शोषण करते है ।

सट्टा, जुंआ, नशाखोरी जैसे अनैतिक कारोबार से जिले में ब्याजमाफियाओं का धंधा भी जोरों पर चल रहा है और ब्याजमाफिया ब्याज के रूप में कई गुना ब्याज वसूल कर शोषण कर रहे है और सटोरियों की संपत्ति हड़प रहे है ।

सर्व सुविधायुक्त शौचालय का शुभारंभ

सिवनी यशोः- शनिवार 15 जुलाई को इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय प्रांगण सामाजिक न्याय कार्यालय के बाजू से नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा निर्मित सर्व सुविधायुक्त शौचालय का शुभारंभ नगर नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामकुमार कुर्वेति के आदेश से सुलभ इंटरनेशनल संस्था द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीज एवम उनके परिजनों के उपयोग हेतु सिविल सर्जन डोक्टर नावकर स्वास्थ्य सभापति राजिक अकील के निरीक्षण उपरांत प्रारंभ किया गया।

तंत्र विद्या पर सटोरिये करते है लाखों रूपये खर्च

सट्टे का नंबर निकालने के लिये कछुएं पर तांत्रिक क्रिया का प्रयोग कर सटीक नंबर प्राप्त करने के लिये नरसिंगपुर जिले से कछुएँ की तस्करी करा कर बुलाया गया और सटोरिये इसकी मुंहमांगी कीमत देते है इसी काम के लिये कछुआ तस्कर लखनादौन लेकर आये परंतु वन विभाग द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया । इस बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि जिले में सट्टे का कारोबार किस तरह से चल रहा है ।

जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड लखनादौन मुख्यालय से जबलपुर रोड बायपास में पड़ोसी जिला नरसिंहपुर के करेली से कछुआ लेकर पहुंचे 6 लोगों को पुलिस ने धरदबोचा और उन्हे वन विभाग के हवाले कर दिया।

विन विभाग लखनादौन से मिली जानकारी अनुसार नरसिंहपुर जिले से 6 लोग कछुआ लेकर लखनादौन पहुंचे थे और जबलपुर रोड बायपास के पास उसे बेचने की फिराक में थे तभी पुलिस और वन विभाग की टीम ने दबिश देकर उन्हे पकड़ लिया। पकड़े गये आरोपियों में आशीष पिता प्रकाशचंद श्रीवास्वत, पवन पिता नरेश सकवार, वीर सिंह पिता हल्के प्रसाद ठाकुर, अकील अहमद पिता हबीब कुरैशी, राकेश पिता हल्के प्रसाद जाटव पांचो निवासी करेली जिला नरसिंहपुर एवं शरद पिता रामप्रसाद जाटव निवासी अजनसिया गाडरवाड़ा नरसिंहपुर के नाम शामिल है।

वन विभाग के द्वारा पकड़े गये 6 अरोपियों के विरूद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 48, 51, 52, 57 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है उक्त कार्यवाही वन विभाग के एसडीओ गोपाल सिंह के मागदर्शन में की गई उक्त कार्यवाही में फारेस्ट गार्ड गुमास्ता, राजकुमार पटेल का विशेष योगदान रहा।

गौरतलब होगा कि अंधविश्वास के चलते वन्य जीव कछुआ जैसे अनेक प्रजातियों की तस्करी की जाती है और अंधविश्वासियों का ऐसा मानना है कि कछुआ की मदद से सट्टा का नंबर निकाला जा सकता है। इसी अंधविश्वास के चलते कछुआ के दाम लाखों रूपये में है जिसके चलते इसकी तरस्करी हो रही है और संभवतः अंधविश्वास के चलते ही नरसिंहपुर से ये 6 लोग कछुआ बेचने या अन्य उद्देश्य से लखनादौन पहुंचे थे जिसकी जानकारी लगने पर वन विभाग और पुलिस विभाग की टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए इन्हे कछुआ के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना से लाभांवति कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर पूर्व कालातीत बकाया मूलधन की राशि तक ऋण प्राप्त करने की पात्रता

सिवनी यशोः- शासन की मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 अंतर्गत पात्र / लाभान्वित कृषकों को डिफाल्टरमुक्त किया गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, सिवनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार योजना में लाभान्वित कृषकों द्वारा ऋण हेतु आवेदन करने पर शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर पूर्व कालातीत बकाया मूलधन की राशि तक ऋण प्राप्त करने की पात्रता होगी साथ ही विशेष सुविधा के अंतर्गत उक्त कृषक जितनी राशि अपने ऋण खाते में जमा करेंगे, समिति द्वारा पात्रतानुसार उतनी राशि तक की खाद उन्हे प्रदाय की जावेगी।

ऑटो पलटा, एक मृत, चार घायल

सिवनी यशोः- जिला मुख्यालय से मंडला जाने वाले मार्ग पर स्थित कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम भोमा के समीप रविवार को ऑटो अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार एक युवती की मृत्यु हो गई तो वहीं चार अन्य घायल हो गये।

मिली जानकारी अनुसार डायल 100 को सूचना प्राप्त हुई कि भोमा के समीप एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे उसमें सवार लोग घायल हो गये है। सूचना मिलने पर डायल 100 मौके पर पहुंची और डायल 100 द्वारा घायलों को जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने अंजना मरावी 21 वर्ष निवासी तातरी चौकी जिला मंडला को मृत घोषित कर दिया तो वहीं घायल संदीप मरावी 24 वर्ष, जवाहर मरावी 50 वर्ष, ममता मरावी 45 वर्ष, सोनू मरावी 10 वर्ष घायल हो गये है। जिनका उपचार चल रहा है।

बताया गया कि उक्त लोग ट्रेन में सवार होकर भोमा स्टेशन पहुंचे थे जहां पर ट्रेन से उतरकर वह ऑटों रिक्शा में सवार होकर छुई की तरफ जा रहे थे इसी दौरान यह हादसा हो गया। हादसा के समय आटों में 7 लोग सवार थे जिनमें से एक युवती की मौत हो गई तो वहीं 4 घायल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतिक के शव का पंचनामा बना पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

स्कूल चलें अभियान के तहत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न

शासकीय माध्यमिक शाला गोरखपुर

छपारा यशोः- सोमवार 17 जुलाई को जनपद अंतर्गत स्कूल चलें हम अभियान 2023 के तहत जनपद शिक्षा केंद्र के बीआरसीसी की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम किया गया।

ज्ञात हो कि छपारा जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाले एकीकृत माध्यमिक शाला गोरखपुर में बीआरसीसी जी.पी.उइके की गरिमामयी उपस्थिति में इस कार्यक्रम के तहत आयोजित स्कूल चलें हम अभियान 2023 ÷प्रवेश उत्सव कार्यक्रम÷ में इस एकीकृत माध्यमिक शाला के समस्त बच्चों को उपहार स्वरूप पहाड़ा एवं कलर पेन आदि का वितरण किया गया। वही विद्यालय के छात्र /छात्राओं से चर्चा प्रवेश उत्सव से संबंधित चर्चा की गई,साथ ही ग्रामीण बच्चों से प्रतिदिन स्कूल आने की बात कही, वही बच्चों को पढ़ाई लिखाई के संबंध में आने वाली दिक्कतों को लेकर चर्चा की गई, सभी स्कूली बच्चों को अपने बेहतर भविष्य बनाने के लिए शिक्षा कितनी जरूरी है इसको लेकर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के दौरान की स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ काफी संख्या में ग्रामीणों की भी उपस्थिति रही।

विधायक के मुख्य आतिथ्य मे गंगेरुआ - दिघौरी मार्ग का भूमिपूजन

सिवनी यशोः- सोमवार दिनांक 17 जुलाई को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे मार्ग का भूमिपूजन कार्यक्रम किया गया।

सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गंगेरुआ के शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण मे दोपहर 12:00 बजे से आयोजित मार्ग का भूमिपूजन कार्यक्रम विधायक श्री राय के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। उक्त ग्राम मे आयोजित कार्यक्रम मे सहभागिता निभाने पहुंचे श्री राय का ग्रामीण जनों द्वारा पटाखे फोड़कर व फूलमालाओं से भव्य स्वागत कर आगवानी की गयी। इसके पश्चात लगभग 04 करोड़ 30 लाख की लागत से निर्मित किये जाने वाले गंगेरुआ से कोठिया दिघौरी मार्ग का भूमिपूजन मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से विधायक श्री राय के शुभ हस्ते किया गया। तदुपरांत मंचीय कार्यक्रम में श्री राय सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्र व श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राकेश काकू बैस, रुपचंद मोहनानी, फागूलाल अड़माचे सरपंच बिहिरिया गंगेरूआ, श्रीमती रुखसाना बबलू रमजान कुरेशी उपसरपंच, बृजेश राजपूत विधायक प्रतिनिधि, धानसिंह धन्नू बघेल उपसरपंच बंडोल, पीडी यादव, विजय साहू, नीलू नरेश यादव, कृपाल ठाकुर, देवी सिंह ठाकुर, लोमेश शर्मा, नीरज दीक्षित, अनुज दीक्षित, महेश जंघेला सरपंच बांकी, सोनू साहू जुरतरा, सुखलाल जंघेला, दिनेश जंघेला, रामदास जवाहर सतनामी, जाहिद अंसारी, मोहमद फारुख ठेकेदार, पूनम तुरकर एसडीओ, सरिता उपयंत्री, मो. जिब्राईल मंसूरी मीडिया प्रभारी सहित बडी संख्या मे ग्राम वासियों विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम के पूर्व मे प्रातः 11:00 बजे विधायक श्री राय ग्राम बंडोल की शासकीय माध्यमिक शाला पहुंचे। जहां पर आपने बच्चों से चर्चा कर प्रश्न किये तथा उनके साथ अपने अनुभवों को साझा किया।

जबरन नॉलेज



लालीपाप लायेंगे काका हा हा हा ...

समान नागरिक संहिता - मुस्लिम महिला दृष्टिकोण से.

मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक॥

प्रवीण गुगनानी

भारतीय मुस्लिम समाज के साथ एक बहुत बड़ी दिक्कत है की उसे इस भाव का नेतृत्व कभी नहीं मिल पाता। भारतीय मे मुस्लिम नेतृत्व कभी भी मुखिया मुख सो चाहिए के समभाव का पालन करता नहीं दिखा और न ही वह सामान्य मुस्लिम पुरुषों और विशेषकर महिलाओं की कभी चिंता करता है। भारत मे मुस्लिम नेतृत्व की अपनी महत्वाकांक्षाएं, अपनी चाहतें, अपने रिजर्वेशन्स हैं जो एक मानसिक बीमारी बन गई है; और मुस्लिम जनता के अपने दुख, दर्द, परेशानियां और दुश्वारियां हैं जो जबर्दस्त ऊहापोह की गठान बन गई है।

ये दोनों स्थितियां मुस्लिम समाज को विपरीत दिशा मे खींचती हैं। इसलिए मुस्लिम समाज थम गया है, भारतीय मुस्लिम आज भी मध्ययुग की बर्बर और जंगली परंपराओं को ढो रहा है। भारतीय मुस्लिम नेतृत्व और भारतीय मुस्लिम जनता इन दोनों के मध्य कोई हमदर्दी, हमदम, और हमसफ़र जैसा कोई संबंध है ही नहीं। हां, इन दोनों के मध्य समय समय पर भावनाओं को भड़काने और उस समय भड़ककर किसी मुद्दे पर विकासशील मार्ग से हटकर कट्टर होने का संबंध अवश्य है।

वर्तमान स्थिति को -÷एक परिवार मे दो कानून÷- मोदी जी के ये पांच सरल सहज शब्द दिल तक समझा जाते हैं, किंतु तब, जब दिल खुला हो। दिल तो बंद है, अतः इस मंजर को किसी शायर के इन शब्दों से समझिए-

इक मकान बुलंदी पर और
बनाने न दिया
हम को पर्वाज़ का मौक़ा ही*
हवा ने न दिया
आप डरते हैं कि खुल जाए न
असली चेहरा
इस लिए शहर को आईना
बनाने न दिया।

*पर्वाज़ = उड़ने का अवसर

यूसीसी के माध्यम से देश की लगभग दस करोड़ मुस्लिम मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, आर्थिक और अन्य स्थितियां सुदृढ़ हो सकती है; यह बात सभी को पता है। उधर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, ढ्ढस्रूक्क के महासचिव मौलाना फ़ज़ल ने मुसलमानों को फरमान जारी किया है कि यूसीसी के विरोध मे राय दर्ज कराएं।

मुस्लिम महिला जगत जो बहुत प्रसन्न है कि यूसीसी आने से उनकी बहुविवाह, तीन तलाक, हलाला,

इद्दत, विरासत में अधिकार, बाल विवाह, निकाह मुताह, हिजाब, महिला खतना जैसी बहुत सी नारकीय परिस्थितियों से वो बाहर आ जाएंगी; अब वह मुस्लिम ला बोर्ड के इस विपरीत कदम से अत्यंत चिंतित है। यह बोर्ड और अन्य कट्टर मुस्लिम संस्थाएं मुस्लिम महिलाओं की घनघोर अनदेखी कर रही हैं। बोर्ड के सचिव ने पत्र जारी किया है कि देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ की सुरक्षा और इसे प्रभावित करने वाले किसी भी क़ानून को रोकना बोर्ड के मुख्य उद्देश्यों में से है। बोर्ड ने अपने विस्तृत उत्तर मे यूसीसी को देश की एकता और लोकतंत्र हेतु खतरा बताया है। बोर्ड ने विधि आयोग की वेबसाइट पर यूसीसी के विरुद्ध अपना दृष्टिकोण दिखाने के लिए एक पत्र का मजमून भी दिया है। बोर्ड ने कहा है कि देश के मुस्लिम इस पत्र को अपनी स्थानीय भाषा में विधि आयोग में भेजे।

इस नोट में करेले को नीम चढ़ाते हुए यह मांग की जा रही है कि संविधान के दिशानिर्देशों के अनुच्छेद-44 को समाप्त करना ही उचित है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम समाज द्वारा पांच लाख आपत्तियां दर्ज कराने का लक्ष्य बनाकर यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मुस्लिम समाज को देश की मुख्य धारा से बाहर रखने हेतु संकल्पित है।

मुस्लिम समाज के सामने और उससे भी बढ़कर समूचे देश के सामने सबसे बड़ा काम है कि इस मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड और अन्य कट्टर मुस्लिम संस्थाओं की मानसिकता और हार्मोनल स्ट्रक्चर को समझा जाए। इन संस्थाओं की केमिस्ट्री और हार्मोनल स्ट्रक्चर ही संविधान विरोध, हिंदू विरोध और हलाकू प्रकार का है। अयोध्या विषय के सामाजिक समाधान मे सबसे बड़ा खलल यह बोर्ड ही था।

न्यायालय ने जब जब भी अयोध्या विषय को श्रमपूर्वक चर्चा के स्तर पर लाया और न्यायालय से बाहर इस मामले की शांतिपूर्ण समझौते की बात हुई, तब-तब ढ्ढस्रूक्क ÷एक इंच जमीन भी नहीं छोड़ेंगे÷ जैसी कट्टर बात करके शांति स्थापना के उस अवसर की भ्रूण हत्या कर देता था। कल्पना करिए की यदि मुस्लिम समाज स्वयं आगे आकर राम जन्मभूमि को हिंदू समाज को सौंप देता तो आज हमारा सामाजिक ढांचा और देश मे परस्पर सद्भाव का स्तर हिमालय जैसा होता या न होता ? ये फरेबी और बईमान बोर्ड यहीं नहीं रुका, इसने जन्मभूमि के निर्णय के बाद समूचे मुस्लिम समाज को खलनायक बनाते हुए कहा था कि - ÷ मुसलमान सुप्रीम कोर्ट के फैसले और मस्जिद की जमीन पर मंदिर के तामीर होने से हरगिज निराश न हों। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि खाना-ए-काबा (हज की मस्जिद) एक लंबे अरसे तक शिर्क (मूर्तिपूजक) और बिदअत परस्ती का मरकज रहा है।÷ मामले मे और अधिक जहर घोलते हुए तब बोर्ड ने तुर्की की हागिया सोफिया मस्जिद का उदाहरण देकर हिंदु- मुस्लिम दोनों को भड़काने के भरपूर प्रयत्न किए थे।

वो तो भला हो संघ परिवार का कि उसने अयोध्या निर्णय के बाद हिंदू समाज मे किसी भी प्रकार का उत्सव न मनाने, संयमित रहने, चुप्पी रखने और कोई प्रतिक्रिया न देने का वातावरण सख्ती से बनाया था; अन्यथा, ढ्ढस्रूक्क तो तीव्र दंगे भड़का देता।

तब उप्र के मंत्री मोहसिन रजा ने कहा था कि मुस्लिम लॉ बोर्ड और बाबरी एक्शन कमेटी के सदस्यों का आतंकी संगठनों के साथ सम्बंध है। वस्तुतः हुआ यह कि राजीव गांधी द्वारा शाहबानों प्रकरण मे मुस्लिम बोर्ड के समक्ष घुटने टेक देने के बाद मुस्लिम ला बोर्ड का दिमाग सातवें आसमान पर चढ़ गया और वह स्वयं को एक संवैधानिक ढांचे से भी ऊपर मानने लगा है। देश के तथाकथित सेकुलर दलों, सेकुलर प्रकार की संस्थाओं और कट्टरपंथी मुस्लिमों के सहयोग से यह बोर्ड समय समय पर देश के सामाजिक वातावरण को दूषित करने मे सफल होने लगा है।

अब बोर्ड को समझ आ रहा है कि यदि समान नागरिक संहिता लागू हो जाती है तो ढ्ढस्रूक्क संगठन का उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा और इसका कोई महत्व नहीं रह जाएगा।

मुस्लिम लॉ बोर्ड ईश निंदा के जंगली प्रकार के कानून बनाने की मांग भी समय समय पर करता रहता है। यह तीन तलाक कानून, ष्ट, ह्रष्ट, हिजाब सुधार, मस्जिदों के लाउड स्पीकर विवाद, आदि सभी विवादें मे अपने जहर बुझे बाण से देश की कानून व्यवस्था, परस्पर सद्भाव और देश की वैश्विक छवि को चोटिल करता रहा है।

मुस्लिम लॉ बोर्ड एक एनजीओ के रूप मे स्थापित हुआ था और यदि इसके संस्थापको को समझें, इसके उद्देश्य और नियमों को पढ़ लें तो स्पष्ट हो जाता है कि यह बोर्ड और कुछ नहीं देश मे इस्लामिक शासन स्थापित करने की एआक मशीन मात्र है। यह बोर्ड देश मे शरीयत लागू करने का हरसंभव प्रयास करता है और संविधान के प्रति विरोध का वातावरण निर्मित करता है।

बोर्ड को ऐसे भी समझें, कि जब अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से भारत सहित समूचे विश्व के नेता चिंतित हो उठे थे तब इस मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना सज्जाद नोमानी ने इसका स्वागत किया था हिंदुस्तान की ओर से तालिबान को सलाम ठोंका था।

अब हिंदुस्तानी मुसलमान यह देखे कि उसे तालिबानी बनना है या रसखान, अब्दुल कलाम आजाद बनना है ?

लेखक विदेश मंत्रालय, भारत सरकार मे राजभाषा सलाहकार हैं

कांग्रेस मतलब घोटालों और परिवारवाद की गारंटी - विष्णुदत्त शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा– कांग्रेस के 'हम सब एक हैं' के दिखावे को सज्जन सिंह वर्मा ने उजागर किया मध्यप्रदेश में न लैंड जिहाद चलेगा न लव जिहाद और न धर्मांतरण

भोपाल। कांग्रेस के लोग आज झूठ बोलकर जनता को भ्रमित कर रहे है। ये लोग जनता को झूठी गारंटी दे रहे है। जबकी कांग्रेस की अगर देश में पहली गारंटी है तो वह 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है। कांग्रेस की दूसरी गारंटी अगर कोई है तो परिवारवाद की गारंटी। देश मे राहुल गांधी, मध्यप्रदेश में कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ और दिग्विजय के पुत्र जयवर्द्वन सिंह इसके प्रत्यक्ष उदारहण है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को प्रदेश कार्यालय मे मीडिया से चर्चा करते हुए कही।

इटेलियन फैक्ट्री से जो बोया गया है, आज कांग्रेस वही काट रही है

कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किये जाने पर श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि सज्जन सिंह वर्मा की भाषा से उनका चरित्र और कांग्रेस नेताओं की गुटबाजी उजागर हुई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मूल में यहीं अंतर्भावना रही है, जो धीरे-धीरे सामने आती है। प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस नेता एकजुट होने का दिखावा करते हैं, लेकिन सज्जन सिंह वर्मा के शब्दों और भावनाओं से हकीकत उजागर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह के लिए सज्जन सिंह वर्मा से बेहतर भावनाएं तो भाजपा रखती है, जो कि दिग्विजय के द्वारा लगातार दिये जा रहे देश और धर्म विरोधी वैचारिक विरोध के बावजूद किसी भाजपा नेता ने उनके लिए इस प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया, जैसा सज्जनसिंह वर्मा ने किया है। उन्हांने कहा कि इटेलियन फैक्ट्री से जो बोया गया है, आज कांग्रेस वहीं काट रही है।

हर छोटी घटनाओं पर बोलने वाले दिग्विजय और कमलनाथ इंदौर की घटना पर मौन क्यों ?

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि धर्मांतरण का खेल-खेलने वालों ने जिहादी मानसिकता से इंदौर में जैन समुदाय के एक बच्चे और उसकी माँ का जबरदस्ती धर्मांतरण करवाया। इस घटना के दोषियों पर कार्रवाही की जा चुकी है और उस ईको सिस्टम को भी खंगाला जा रहा है, जहाँ से यह जिहादी मानसिकता पोषित होती है। लेकिन हैरत की बात है कि हर छोटी घटनाओं पर बोलने वाले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और कमलनाथ धर्मांतरण की इस घटना पर मौन है।`क्या उनका मौन ऐसी घटना को अंजाम देने वाली जिहादी मानसिकता का समर्थन समझा जाएँ? विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है ऐसे लोग किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे, यहां न लव जिहाद चलेगा, न लैंड जिहाद और न धर्मांतरण करने वाले चलेंगे। धर्मांतरण करने वाले और उनका समर्थन करने वालों को जेल जाना पड़ेगा। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हर कट्टरपंथी और मुगलाई मानसिकता को कुचलकर रख देने की गारंटी है।

कांग्रेस की आदिवासी यात्राएं, केवल झूठ और छल की यात्राएं हैं

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 55 सालों से अधिक राज किया, लेकिन जनजातीय भाईयों और बहनों के लिए कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। केवल झूठ बोलकर वोट बैंक की राजनीति जनजातीय वर्ग के साथ हुई। आज कांग्रेस चुनाव आते ही आदिवासी यात्राएं निकाल रही है, यह यात्राएं केवल झूठ और छल फैलाने की यात्राएं हैं, लेकिन मध्यप्रदेश के जनजातीय बंधु कांग्रेस के इस भ्रम में नहीं आने वाले। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 15 महीने मिस्टर बंटाढार के इशारे पर कमलनाथ सरकार चली, उन्होंने मध्यप्रदेश के जनजातीय बंधुओं के हित और अधिकारों का हनन किया। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव आदिवासियों के हित की योजनाओं को साकार किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जनजातीय गौरव दिवस मनाकर इस वर्ग का सम्मान बढ़ाया, तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पेसा ऐक्ट लागू कर उनको हक और अधिकार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठ की गारंटी देती है।

समान नागरिक संहिता के नाम पर भड़काने से बाज आएं – विश्व हिन्दू परिषद

नई दिल्ली. विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेन्द्र जैन ने कहा कि भारत का संविधान और न्यायपालिका बार-बार कहती है कि कॉमन सिविल कोड लागू होना चाहिए. लॉ कमीशन ने सम्पूर्ण देश की राय जानने के लिए एक निमंत्रण भेजा. यह स्वागत योग्य कदम है. इससे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं हो सकती. डॉ. जैन ने कहा कि जिसका विरोध है, वह दर्ज कर सकता है. जिसके सुझाव हैं, वह दे सकता है. जिसको सहमति है, वह सहमति दे सकता है. लेकिन इस मौके का उपयोग जिस प्रकार कुछ मुस्लिम नेताओं ने, कुछ मुल्ला- मौलवियों ने समाज को भड़काने के लिए किया है, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. वे कहते हैं कि यह हमारे शरियत पर हमला है. भारत में जो शरियत है, वह तो 1937 में अंग्रेजों की दी हुई शरियत है. उन्होंने कोडीफाई किया था.`क्या भारत की शरियत सऊदी अरब, इराक, इरान की शरियत जैसी है? यदि अल्लाह की होती तो पुरी दुनिया में एक जैसी शरियत होती. उन्होंने मुस्लिम नेताओं से कहा कि वे मुस्लिम समाज को शरियत के नाम पर भड़काना बंद करें. `क्या आप नहीं चाहते कि आपकी बच्चियाँ तीन तलाक के डंक से मुक्त हो सकें?`क्या आप नहीं चाहते कि आपकी लड़कियाँ हलाला जैसी पीड़ा को भुगतना बंद करें?`क्या आप नहीं चाहते कि मुताह निकाह के अंतर्गत अरब के शेख आकर 12-13 साल की बच्चियों का कुछ दिनों के लिए यौन शोषण करते हैं, अपने साथ रखते हैं, और फिर छोड़कर चले जाते हैं, उनको इस परंपरा से मुक्ति मिले और मुस्लिम समाज की लड़कियाँ भी बाकि समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ सकें? `क्या हमेशा उनको सेक्स स्लेव बनाकर रखना चाहते हो?

उन्होंने कहा कि अब तो आपने सभी सीमाएं पार कर दी.`क्यू आर कोड जारी कर रहे हैं, जिससे सबकी एक जैसी राय हो. यौमे नमाज की घोषणा की गई है. कल जुम्मे का दिन है. पूरे देश का मुस्लिम समाज सड़कों पर उतरे, नमाज करे और विरोध करे, कॉमन सिविल कोड का. इतना ही नहीं, तकरीरें होंगी केन्द्र सरकार के खिलाफ, हिन्दू समाज के विरूद्ध, कॉमन सिविल कोड के खिलाफ. डॉ. सुरेन्द्र जैन ने पूछा कि`क्या ये इस बात का आश्वासन दे सकते हैं कि कोई सिरफिरा सड़कों पर उतरकर हिंसा नहीं करेगा ?

बाघ मूवमेंट एरिया में बगैर डर के हुक्का पीते हैं लोग, प्रशासन ने सील किए दो रेस्टोरेंट

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हुक्का बार और होटल-ढाबों पर शराब का प्रतिबंध होने के बाद भी ये बैखोफ चल रहे हैं. इतना ही नहीं, हुक्का गुड़गुड़ाने वालों को इसका इतना शौक है कि उन्हें बाघ का भी डर नहीं है. बाघ मूवमेंट क्षेत्र में पुलिस ने देर रात कार्रवाई कर दो रेस्टोरेंट सील कर दिए हैं. बता दें कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर भोपाल जिला प्रशासन ने हुक्का बार और होटल ढाबों पर अवैध शराब परोसने के मामले में कार्रवाई की. संयुक्त कलेक्टर हरेंद्र नारायण के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान केरवा रोड के रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की. इस दौरान युवा रेस्टोरेंट में नीली पीली लाइट के बीच हुक्का गुडगुडा रहे थे. अफसरों के छापा मारते ही यहां हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई थी.

6 स्थानों पर छापामार कार्रवाई

भोपाल जिला प्रशासन की टीम द्वारा अवैध शराब और हुक्का बार के 6 स्थानों पर छापामार कार्रवाई की. इस दौरान दो रेस्टोरेंट के फूड लाइसेंस भी निरस्त किए गए. एक अन्य टीम ने कार्रवाई के दौरान आचमन ढाबा रायसेन रोड से मौके पर मदिरापान कराते हुए पाए जाने पर फूड सैंपल लिया गया और संयुक्त टीम के द्वारा परिसर को सील बंद की कार्रवाई की गई. जांच के दौरान अनियमितता पाए गए दोनों रेस्टोरेंट के फॉड लाइसेंस भी निरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं.

इसके साथ ही आबकारी के पुराने बने केसेस के आधार पर बावडिया कलां स्थित विन्टर रोज गार्डन, बैरागढ़ स्थित मोक्ष क्लब, केरवा रोड स्थित थ्री चेप्टर रेस्टोरेन्ट, एमपी नगर स्थित डी रंच रेस्टोरेन्ट एवं बैरागढ़ स्थित वाटर विले रेस्टोरेन्ट पर भी गठित अलग.अलग टीमों के द्वारा जांच एवं तलाशी की कार्रवाई की गई.

डीएफओ के पत्र का असर नहीं

बता दें राजधानी भोपाल में केरवा क्षेत्र बाघ भ्रमण का क्षेत्र है. इसके बावजूद इस इलाके में रेस्टोरेंट में देर रात तक गतिविधियां संचालित होती हैं. किसी प्रकार का हादसा न हो इसके लिए वन विभाग के डीएफओ आलोक पाठक ने टीएंडसीपी को पत्र लिखकर यहां रेस्टोरेंट को अनुमति जारी नहीं करने के लिए पत्र लिखा है. हालांकि, इस पत्र का कोई असर नहीं हुआ और इस क्षेत्र में दो नए रेस्टोरेंट भी खुलने की जानकारी है.

चमत्कारी है तुलसी, माता लक्ष्मी की कृपा बरसती है वहां जहां तुलसी की पूजा होती है

सिवनी - हमारें धर्म ग्रंथों पद्मपुराण, स्कंद पुराण, भविष्य पुराण, ब्रह्मवैवर्त, और गरूड़ पुराण में तुलसी के पौथे का विशेष महत्व बताया गया है भगवान विष्णु को सर्वाधिक प्रिय है तुलसी मान्यता के अनिुसार तुलसी पत्ते के बिना भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की पूजा पूरी नहीं होती, तो वहीं तुलसी दल हनुमान जी को भी भोग में बेहद प्रिय होता है। तुलसी एक चमत्कारी पौधा है धार्मिक दृष्टि के साथ ही औषधिय गुणों की प्रचुरता इस पौधे में है । तुलसी जिस घर में होती है उस घर में सुख समृद्धि बनी रहती है धर्म शास्त्रों के अनुसार जिस घर में तुलसी का नियमित पूजन होता है वहाँ माता लक्ष्मी की कृपा सदा बनी रहती है ऐसा हमारे बुर्जुग भी कहते है इसी बात को विज्ञान भी दूसरे तरीके से कहता है ।

तुलसी का वानस्पतिक नाम Ocimum sanctum Linn. (ओसीमम् सें ट) और कुल का नाम Lamiaceae (लैमिएसी) है। अन्य भाषाओं में इसे निम्न नामों से पुकारा जाता है। विज्ञान का मानना है कि तुलसी के

नियमित सेवन से शरीर में ऊर्जा का प्रवाह नियंत्रत रहता है, व्यक्ति में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है जिससे व्यक्ति की उम्र भी बढ़ जाती है। एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटीबायोटिक गुण तुलसी में रहते हैं, जो शरीर को संक्रमण से लडने के काबिल बनाती है। घर में तुलसी का पौधा होने से वातावरण शुद्ध रहता है और तुलसी संक्रमण रोगों से लड़ती है। तुलसी के खाने से चमत्कारी लाभ बताये गये है । अनेक प्रकार के रोगो के उपचार के लिये तुलसी का सेवन किया जाता है । सर्दी खांसी, ज्वर के समय तुलसी का सेवन हमारे नुखसों में शामिल है । तो अधिक सेवन से नुकसान भी हो सकता है

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को पवित्र और शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यतानुसार जिस घर में तुलसी का पौधा होता है. वहां सौभाग्य की प्राप्ति होती है. हिंदू धर्म को मानने वाले लगभग सभी लोग तुलसी की पूजा करते हैं और हर दिन स्नान करने के बाद इसमें जल अर्पित करते हैं. लेकिन कई बार हम जानें अनजानें में तुलसी के पौधे के साथ कुछ ऐसी गलती कर बैठते हैं जो धार्मिक विधि के प्रतिकूल है और ऐसे में मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं और हमारे उपर मुश्किलों का पहाड़ टूट पड़ता है. ऐसे में आइए जानते हैं कौन सी वो गलती है, जिसे तुलसी के पौधे के साथ नहीं करना चाहिए. अगर आप अपने घर में तुलसी का पौधा लगाते हैं, और उसकी अच्छे से देखभाल करते हैं, तो पुराणों के अनुसार पूर्व जन्म के सारे पाप खत्म हो जाते हैं। इसके अलावा मृत्यु के दौरान गंगाजल संग तुलसी के पत्ते लेने से पुराणों के अनुसार आत्मा को स्वर्ग और शान्ति की प्राप्ति हो जाती है। तुलसी के पत्ते और गंगाजल को पूजा में कभी भी बासी नहीं माना जाता है। तुलसी की पूजा जिन घरों में रोजाना होती है, ऐसा माना जाता है कि वहां यमदूत नहीं आते। साथ ही घर में सुख-समृद्धि भी बनी रहती है।

भूलकर भी न करें ये गलती

तुलसी के पास गंदगी न करें पूर्ण पवित्र के साथ तुलसी के पौधें को यथा संभव गमले में लगाये । तुलसी के पौधे की उचित देखभाल करें समय पर पानी दें इसमें विशेष खाद की आवश्यकता नहीं होती परंतु मिट्टी अच्छी तरह से बदलते रहे गिरे हुये पत्तो को साफ करते रहे तुलसी के पौधे को पर्याप्त प्रकाश मिले सूर्य की किरणें इस पड़ते रहे परंतु बहुत अधिक तेज धूप भी न पड़े क्योंकि अगर किसी कारणवश तुलसी का पौधा सुख जाए तो यह शुभ नहीं माना जाता ।

तुलसी का पौधा लगाते समय इस बात का ध्यान रखें कि कभी भी तुलसी का पौधा जमीन में न लगाएं. उसे हमेशा गमले में ही लगाएं. साथ ही इस बात का भी ख्याल रखें कि तुलसी का पौधा दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाएं.

आपके घर में जिस जगह पर तुलसी का पौधा हो, वहां पर भूलकर शिवलिंग न रखें, ऐसा करने से भगवान शिव नाराज हो जाते हैं और हमें परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

तुलसी के पौधे के पास कभी भी कांटेदार पौधे न लगाएं. ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं और घर में दरिद्रता का वास होता है.

तुलसी के पौधे के पास भूलकर भी झाड़ू या कूड़ेदान न रखें. ऐसा करने से परिवार के सदस्यों में कलह उत्पन्न होता है और हमेशा संकटों का सामना करना पड़ता है.

आऊटसोस कर्मचारियों ने मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

सिवनी यशोः- मप्र शासन के सभी विभागों में कार्यरत लाखों आउटसोर्स, अस्थाई एवं ठेका कर्मचारी अब तक के सबसे बड़े अन्याय के शिकार हैं, जिन्हें न तो न्यूनतम वेतन मिलता है, न ही पीएफ जमा होता, कभी भी नौकरी से निकालने का संकट हमेशा बना रहता है। आउटसोर्स एजेंसियों की मनमानी, पीएफ जमा न करना, शासन के निर्देशों की अवहेलना आम बात है। लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों की ओर विभाग का ध्यान दिलाए जाने की सजा नौकरी से निकाल दिए जाने के रूप में मिलती है, एमपीईबी के 1100 आउटसोर्स कर्मचारियों को आंदोलन करने पर निकाल गया, उन्हें वापस नहीं लिया गया।

सरकार सबकी होती है, सबके लिए समान रूप से काम करने की शपथ लेकर काम शुरू करती है। आउटसोर्स कर्मचारी भी संविदा कर्मचारी की श्रेणी में आते हैं। संविदा सम्मेलन में आपने इनका जिक्र तक नहीं किया। रोजगार सहायकों की तरह दूसरे अस्थाई कर्मचारी भी कार्यरत हैं, जिनका वेतन भी बढाया जाना चाहिए था। इस प्रकार की मांग को लेकर आउटसोर्से कर्मचारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि आउटसोर्स, अस्थाई एवं ठेका कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन बुलाकर इनकी मांगों का निराकरण किया जाए। नौकरियों में आउटसोर्स कल्चर समाप्त कर कार्यरत कर्मियों का विभाग में संविलियन किया जाए। जन स्वास्थ्य रक्षक, गौसेवक, संविदा प्रेरक, सर्वेक्षण सहायकों एवं निकाले गए कर्मियों की सेवा बहाली की जाए। आउटसोर्स, अस्थाई एवं ठेका कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन बढाकर 21,000 रूपए किया जाए, जिससे बढ़ती महंगाई में राहत मिल सके।

09 फरार वारंटियों को किया न्यायालय में पेश

सिवनी यशोः- जिले के बंडोल पुलिस ने बुधवार-गुरूवार की देर रात्रि विशेष अभियान चलाकर बीते कई वर्षों से न्यायालय मे प्रकरण विचाराधीन होने बाद भी न्यायालय मे उपस्थित न होकर फरार चल रहे 09 वारंटियों की धरपकड कर गुरूवार को जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

बंडोल थाना प्रभारी दिलीप पंचेश्वर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव व्दारा न्यायालय से जारी स्थाई / गिरफ्तारी वारंटियो के वारंट शत प्रतिशत तामील कर वारंटी को न्यायालय पेश करने हेतु सभी थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया है। जिस पर थाना बंडोल अंतर्गत कई वर्षों से न्यायालय मे प्रकरण विचाराधीन होने बाद भी न्यायालय मे उपस्थित न होकर फरार चल रहे वर्ष 20 में 25 आर्म्स ऐक्ट में फरार वारंटी मनोज (23) गेंदलाल राय निवासी ग्राम पोंडी, वर्ष 23 में 138 एनआई ऐक्ट में फरार वारंटी धरमेंद्र पुत्र ओमकार

बछलिया निवासी ग्राम खामखरेली, वर्ष 16 में भादवि की धारा 294,323,325,506, 34 के प्रकरणों में फरार वारंटी झनकलाल पुत्र वीरन लाल डहेरिया, जगदीश पुत्र शंकरलाल डहेरिया, नरेश पुत्र वीरनलाल डहेरिया, कमला बाई पत्नी नरेश डहेरिया, वर्ष 19 में भादवि की धारा 294,323, 506, 34 के प्रकरण में फरार वारंटी दिनेश पुत्र अन्नीलाल भारती, दिनेश पुत्र अन्नीलाल भारती दोनो निवासी बखारी एवं वर्ष 18 में भादवि की धारा 294,323, 506 में फरार वांरटी जितेन्द्र उर्फ विक्की पुत्र धन्नूलाल इनवाती निवासी कुकलाल टोला को विशेष अभियान चलाकर धरपकड किया गया है।

आगे बताया गया कि जिन्हें गुरूवार को जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से न्यायालय के आदेश उपरांत 08 लोगों को न्यायालय से जमानत पर छोड दिया गया है। वहीं मनोज राय ग्राम पौंडी निवासी को जेल भेज दिया गया है।

कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनःपरीक्षाओं के परिणाम घोषित

भोपाल - शुक्रवार, जुलाई 14, 2023 राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने आज कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड पैटर्न पुनः परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया है। ऑनलाइन परिणाम घोषित करते हुए संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था देने की ओर आगे बढ़ने के लिए कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाएँ ली गई हैं। हमारा प्रयास बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना एवं सीखने के लिए अवसर प्रदान करना है।

शुक्रवार को घोषित पुनः परीक्षा परिणाम के अनुसार इन परीक्षाओं में शामिल 4,59,729 विद्यार्थियों में से 3,61,161 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिनमें से कक्षा 5वीं के शामिल 2,06,487 विद्यार्थियों में से 1,66,750 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं कक्षा 8वीं के शामिल 2,53,242 विद्यार्थियों में से 1,94,411 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में आयोजित वार्षिक परीक्षाओं में लगभग 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने अनेक मंडलमों की बैठक ली, बैठकों में अनेक व्यक्तियों ने कांग्रेस की सदस्यता ली

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस संगठन को मजबूती देने के उद्धेश्य से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा बखारी ब्लॉक के बीजादेवरी मंडलम, केवलारी मंडलम, बकोड़ा-सिवनी मंडलम, के 6..7 सेक्टर में दौरा किया गया। पीपरढाना, बीजादेवरी, बारी, खैरनरा बंदरिया ,तुलब, लकवाह, दरबई, निवारी, उटेकटा, केवलारी, बकोड़ा, बरसला, टानीमेटा, नंदौरा, भटमतरा, गंगाढाना, जामुनटोला, देवतामउ आदि ग्रामों में मंडलम, सेक्टर, बूथ अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्ष एवं बी एल ए की बैठक ली गई।

जहां पर कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर भारी संख्या में ग्रामीणो ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में स्वामी लाल अरेवा, राजकुमार धुर्वे, ग्राम दानीमेटा में खेलान सिंह नंदवंशी, गिरवर सिंह नंदवंशी, उमेश चंद्रवंशी, रतिराम यादव, आनंद सिसोदिया, पहलाद मर्सकोले, संदीप उईके, राजेंद्र यादव, कृष्ण कुमार चंद्रवंशी, भूलन इनवाती, र मू लाल चंद्रवंशी, रामदयाल चंद्रवंशी, हरवंश मर्सकोले, सोनू चंद्रवंशी, धूरलाल उईके, मोनू यादव, नीलेश चंद्रवंशी, अमर सिंह मर्सकोले, राजू बरमैया, ओंकार चंद्रवंशी, संजय राय, खुमान यादव, अजय बंजारा प्रशांत उईके, दिमाग चंद चंद्रवंशी, परशुराम चंद्रवंशी, नीलेश चंद्रवंशी, संजू बरमैया, कन्हैया धुर्वे रूपलाल उईके सहित अनेकों लोगों ने सदस्य ग्रहण की इसी तरह ग्राम नंदोरा में हारुन अंसारी, शेख हसीब, बरसला ग्राम में रामायण सिंह उईके, मुकेश उईके, चंद्रभान गोनगे, राम इनवाती, विष्णु उईके, सुखचैन धुर्वे, मनोहर उईके, लेखराम इनवाती, विजय उईके, जीवन धुर्वे, तथा ग्राम खेरमटा;बदानीद्ध में फूल सिंह तेकाम, सुखचैन भलावी, उमेद सिंह वर्मा, प्रवेश धुर्वे रामदास बर्मा, ग्राम दरबई में अखिलेश डेहरिया, कृष्ण कुमार उईके, संजय उईके, भरत बंजारा, सरोज उईके, हरिओम विश्वकर्मा, भजनलाल इनवाती, दुर्गेश इनवाती, अनिल चंद्रवंशी, मायाराम उईके ग्राम भटमतरा में लक्ष्मण गंजामख् सुधीर अहाके, राजेश करवेति, गोविंद उइके, चंद्रकांत आरसिया, यशवंत गज्जाम, हरिओम गजाम, प्रशांत गजाम, सूर्यकांत आरसिया, ब्रज कुमार भलावी, अक्षय परते, नरेश गजाम, सुरेश गंजाम, देवेंद्र गजाम, सुशील गज्जाम, दसमत वरकडे सहित अनेकों ग्राम के महिला पुरुषों ने कांग्रेश की रीति नीति से प्रभावित होकर जिला अध्यक्ष के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की इस बैठक से पूरे बखारी ब्लॉक में कांग्रेस की लहर चल चुकी है।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के साथ कार्यवाहक अध्यक्ष सेवक राम चंद्रवंशी, जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष बृजेश सिंह बघेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन चंदेल किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष घनश्याम सनोडिया, ब्लॉक अध्यक्ष गण जयकेश सिंह ठाकुर, देवलसिंह ठाकुर, विपत लाल उइके, जितेंद्र सनोडिया, पंडित लोकेश शुक्ला, अनीस सिंह बघेल, हरि जयसवाल मंडलम अध्यक्ष कन्हैया डेहरिया, धूर सिंह उईके, गुरुप्रसाद उईके, अप्पू प्रजापति, विनोद पुरोहित, सेक्टर अध्यक्ष हरनाम इनवाती, गोविंद सिंह उईके, शिवकुमार इडपाचे, ओम नारायण इनवाती, विनोद इनवाती, रूपचंद्र मार्सकोले, मानक उईके, फागूलाल उईके, अंबिका साहू, नसीम कुरैशी, जिब्राइल अंसारी, शक्तिराज सेंगर, शिवम तरान, लालचंद धुर्वे, जनपद सदस्य जियनलाल कुंजाम, सुरेश परतें, सुरेन्द्र ठाकुर सहित अनेक सरपंच, पंच वा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्राम पंचायत पीपर ढाना में सरपंच राधेलाल उईके मानसी अरेवा, जेठू राम उईके, मुरारी अरेवा, दुर्गेश डेहरिया, उमेश तेकाम, रामभगत ईनवाती, शिव उईके, रमानसी इनवाती, ब्रजकुमार अरेवा, रेवती पुषाम, सुखमणि पुषाम वैजयंती उईके, बत्ती उईके, सियावती उईके, फग्गो इनवाती, हेमवती कुमरे, मंगलो इनवाती उपस्थित रहें।

स्टॉक फोल्डरर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला 20 जुलाई

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि डीजीएफटी नागपुर के द्वारा भारत सरकार की निर्यात बंधु स्कीम के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भारत के प्रत्येक जिले को ऐक्सपोर्ट हब के रूप में परिवर्तित करने की मंशा के तहत जिलों के स्टॉक फोल्डरर्स ऐक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिये सिवनी जिले में डीजीएफटी नागपुर द्वारा E&port Outreach Program Under अंतर्गत 20 जुलाई 2023 को प्रातः 11.00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में ऐक्सपोर्ट कैसे बने, इम्पोर्ट ऐक्सपोर्ट कोड कैसे प्राप्त किया जा सकता है, एवं कस्टम प्रोसीडर, एमएसएमई स्कीम, ऐक्सपोर्ट फायनेस, ई-कार्मस आदि के संबंध में अवगत कराया जावेगा।

बेहतर कार्य हेतु मीरा सनोड़िया को राज्य स्तर पर किया गया पुरूस्कृत

सिवनी यशोः- मुख्य चिकित्साल एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत संभाग स्तार पर किये गये बेहतर कार्य हेतु राज्य स्तरीय पुरूस्कार वितरण समारोह मे जिला सिवनी के ग्राम परतापुर विकासखण्ड गोपालगंज की आशा श्रीमति मीरा सनोडिया को संभाग स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्रीमति प्रियंका दास के द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई 2023 के अवसर पर आशा श्रीमति मीरा सनोडिया डी.सी.एम. श्री संदीप श्रीवास एव बी.सी.एम. श्रीमति अर्चना डेहरिया के कार्यो की प्रशंसा कर प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि परिवार कल्याणि कार्यक्रम अंतर्गत राज्य् स्तररीय पुरस्कार हेतु संभाग स्तर से आशा का चयन विभिन्न मापदण्डो के आधार पर किया गया था जैसे- ईएसबी-1 में लक्ष्य दंपत्ति में से प्रोत्साहित किये गये कुल हितग्राहियों की संख्या, अंतरा इंजेक्शन के कुल डोज, पीपीआईयूसीडी एवं एफपीएलएमआईएस आदि मापदण्ड निर्धारित किए गए थे। उक्त सभी निर्धारित मापदण्डो के आधार पर उत्कृष्ठ कार्य करने पर आशा श्रीमति मीरा सनोड़िया को राज्य स्तर पर पुरूस्कृत किया गया।

दिवंगत टीआई वास्कले का परिवार अब मेरा परिवार - मुख्यमंत्री

एक करोड़ की सम्मान निधि प्रदान की जाएगीं

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिवंगत टीआई राजाराम वास्कले को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवदनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जांबाज और साहसी पुलिस अधिकारी खो दिया है। स्व. श्री वास्कले का परिवार अब मेरा परिवार है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि दिवंगत श्री वास्कले के परिवार को एक करोड़ की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रतिनिधि के रूप में पशुपालन मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल दिवंगत श्री वास्कले के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बड़वानी सर्किट हाउस में कहा कि टीआई श्री वास्कले ने रविवार को देवास जिले के नेमावर की जामनेर नदी में कर्त्तव्य निर्वहन करते हुए बलिदान दे दिया। रविवार की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। बड़वानी जिले के ग्राम कोयड़िया निवासी श्री वास्कले ने अपने सेवा काल में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की।

नपा सिवनी के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर सांसद एवं विधायक, नपा अध्यक्ष से मिलें एवं ज्ञापन सौंपा

वर्ष 2007 के बाद के दै. वे. भो. कर्मचारियों को नियमित करने की लगाई गुहार

सिवनी यशोः- आज दिनांक 15 जुलाई 2023 को नगर पालिका सिवनी के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर सिवनी के सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, एवं सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन से मिलने पहुंचे एवं अपनी समस्याओं से उन्हे अवगत कराया। इसके पूर्व निकाय के दै0 वे0 भो0 कर्मचारियों द्वारा नगर पालिका सीएमओ आर.के. कुर्वेती एवं नगरपालिका अध्यक्ष महोदय श्री शफीक खान से मिलकर उन्हे भी अपनी मांगो से संबंधित आवेदन पत्र दिया एवं विनियमितीकरण योजना का लाभ प्रदान करने हेतु निवेदन किया।

निकाय के कर्मचारियों ने सांसद एवं विधायक से मिलकर बताया कि नगरीय निकाय एक ऐसी संस्था है जहां आम नागरिकों की सभी मूलभूत सुविधाएं निकाय के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के माध्यम से ही नागरिको को प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही शासन द्वारा लांच की जाने वाली अनेकों नई योजनाओं का क्रियान्वयन (ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन) भी निकाय के दै.वे.भो. कर्मचारी करते है, जैसे- नगर की सफाई व्यवस्था से लेकर शासन की हर छोटी बडी योजना का कार्य हम कर्मचारियों से लिया जाता है नालों के अंदर जाकर नालों की सफाई, सड़को की सफाई, कूडा उठाना, कीचड़ साफ करना, मृत जानवर उठाना, नगर की हर प्रकार की गंदगी साफ करना, नगर में पेयजल सप्लाई प्रदान करना, राषन कार्ड, समग्र आईडी, जन्म-मृत्यु विवाह प्रमाण पत्र प्रदान करना, टीएस बनाना, टेण्डर कार्य, ई-नगर पालिका के समस्त कार्य, लायसेंस, जानवरों को पकडना, विद्युत व्यवस्था, *मुख्यमंत्री जी की विभिन्न योजना को घर-घर तक पंहुचाना वर्तमान में'लाडली बहना योजनाका लाभ घर-घर तक पहुंचाने का कार्य एवं सभी विभागों से संबंधित लिपिकीय कार्य भी हम कर्मचारियों के द्वारा किया जाता है और किया जा रहा है।

आपने आगे बताया कि कोरोना जैसी वैष्विक महामारी के दौरान भी हम कर्मचारियों के द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर 18-20 घंटे तक लगातार कार्य किया गया है। शासन की सभी योजनाओं को हमारे द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जाता है। इसके पूर्व में शासन द्वारा वर्ष- 2007 तक के दै.वे.भो. कर्मचारियों को विनियमितिकरण का लाभ प्रदान किया गया, *किन्तु हम 300 से अधिक कर्मचारियों द्वारा भी 15-16 वर्षो से लगातार पूर्ण ईमानदरी से कार्य किया जा रहा है किन्तु हमे विनियमितिकरण योजना का लाभ प्रदान नही किया गया है। हम सभी को महीने भर कार्य के बदले मे हमें मात्र 8-10 दस हजार रूपये का मानदेय प्रदान किया जाता है।

आपने आगे बताया कि, मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल का पत्र क्रमांक एफ 5-1/2013/1/3 भोपाल द्वारा दिनांक 07 अक्टूबर 2016 के जारी आदेष मे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिये ''स्थायी कर्मियों को विनियमित करने की योजना बनाई गई थी। जिसमें कुछ ही कर्मचारियों को इसका लाभ दिया गया लेकिन निकाय के लगभग 300 से अधिक कर्मचारियो को जो 16 मई 2007 के पष्चात् से निकाय में कार्यरत् है उन्हे इसका लाभ प्रदान नहीं किया गया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने इस वर्ष 2023 में प्रत्येक वर्ग के कर्मचारियों को में कुछ न कुछ दिया है उनकी सभी मांगो को पूर्ण करने का निर्णय लिया है। लेकिन नगरीय निकाय के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को अभी तक कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ है।

सभी कर्मचारियों ने बालाघाट सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन एवं सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन एवं नपा अध्यक्ष श्री शफीक खान से मिलकर सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित कराये जाने हेतु शासन को पत्र लिखकर मांगो को शीघ्र पूर्ण करने हेतु आग्रह किया है।

चन्द्रमा की ओर भारत-चंद्रयान-3 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

भारत के महत्वाकांक्षी चंद्रयान-3 मिशन का शुक्रवार (14 जुलाई 2023) को 2.35 बजे सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। चंद्रयान 3 के बूस्टर सफलतापूर्वक अलग होकर अंतरिक्ष की कक्षा में चला गया।

कमांड सेंटर में पूर्व इसरो प्रमुख डॉक्टर शिवन और इसरो के वर्तमान प्रमुख एस सोमनाथ समेत तमाम अंतरिक्ष वैज्ञानिक मौजूद रहे। चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग देखने के लिए केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में पहुँचे। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए गौरव का क्षण है।

फ्रांस की यात्रा पर गए पीएम मोदी ने कहा ट्वीट किया, ÷चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा। यह हर भारतीय के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को ऊपर उठाते हुए ऊँची उड़ान भरता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं उनकी भावना और प्रतिभा को सलाम करता हूँ!÷

चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण को देखने के लिए 200 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राएँ आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पहुँचे। चंद्रयान-3 मिशन को एलवीएम3एम4 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। इसरो में इस रॉकेट को 'फैट बॉय' भी कहा जाता है। भारी उपकरण ले जाने की क्षमता की वजह से इसे यह नम दिया गया है।

चंद्रयान-2 की तरह ही चंद्रयान-3 में भी लैंडर और रोवर भेजा जाएगा, लेकिन इसमें ऑर्बिटर नहीं होगा। इसरो ने चंद्रयान-2 की तरह ही चंद्रयान-3 के लैंडर को विक्रम और रोवर को प्रज्ञान नाम दिया है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि पिछले मून मिशन का ऑर्बिटर अभी भी अंतरिक्ष में काम कर रहा है।

लगभग 615 करोड़ रुपए की लागत वाली चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के बाद इसरो का सबसे पहला मकसद चंद्रमा की सतह पर लैंडर की सॉफ्ट और सुरक्षित लैंडिंग कराना है। इसे 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर लैंड कराने का समय निश्चित किया गया है।

लॉन्चिंग के बाद आकाश में 62 किलोमीटर पर पहुँचकर दोनों बूस्टर अलग हो जाएँगे और रॉकेट की पहुंच 7,000 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुँच जाएगी। क्रॉयोजनिक इंजन स्टार्ट होने के बाद रॉकेट की रफ्तार 36,968 किलोमीटर प्रति घंटे हो जाएगी।

लॉन्चिंग के 16 मिनट बाद ये पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो जाएगा। इसके बाद यह धीरे-धीरे चाँद की कक्षा में प्रवेश करेगा। चंद्रयान-3 धरती से चाँद की 3.84 लाख किलोमीटर की दूरी 40 दिनों में तय करेगा। प्रक्षेपण के बाद सब कुछ योजना के अनुसार एवं सामान्य रहा।

इस मिशन का पहला टारगेट चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग है। दूसरा टारगेट रोवर का चंद्रमा की सतह पर चहलकदमी करना और तीसरा रोवर से जुटाई जानकारी के आधार पर चंद्रमा के रहस्यों से पर्दा उठाना है।

बता दें कि चंद्रयान-3 को ले जाने वाले रॉकेट के दूसरे चरण के दो इंजन गोदरेज एयरोस्पेस ने बनाए हैं। गोदरेज एयरोस्पेस के बिजनेस हेड मानेक बहरामकामदिन ने बताया, ÷चंद्रयान 3 एक बहुत ही प्रतिष्ठित मिशन है। गोदरेज ने दो इंजनों के लिए हार्डवेयर में योगदान दिया है, जो दूसरे चरण के इंजन हैं।÷

ई एफ ए स्कूल डायरेक्टर ने नेताजी सुभाष स्कूल का किया निरिक्षण

सिवनी यशोः- ई एफ ए स्कूल डायरेक्टर प्रभातराज्य तिवारी ने गत दिवस ई एफ ए नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय सिवनी का निरिक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य प्रेम नारायण बारेश्वा तथा साथ में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विजय शुक्ला ने विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया और बताया कि फर्नीचर व्यवस्था, कक्ष व्यवस्था गार्ड व्यवस्था तथा विद्यालय में संचालित हो रही अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं के अध्यापन हेतु शिक्षकों की संतोषजनक व्यवस्था नही है। इन बिंदुओं पर संचालक श्री तिवारी ने प्राचार्य को निर्देश दिया कि विद्यालय अपने निर्धारित समय 10:00 से 5:00 तक संचालित होगा तथा उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के सभी विद्यालय इसी समय पर संचालित होने के आदेश भी शीघ्र प्रसारित किए जाएंगे। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं हेतु शुल्क निर्धारण की बात भी कही। विद्यालय में फर्नीचर व्यवस्था हेतु उन्होंने दूरभाष पर संचालक राज्य शिक्षा केंद्र से भी बात की तथा आश्वासन दिया कि विद्यालय में कक्षों का निर्माण तथा फर्नीचर की व्यवस्था तत्काल की जाएगी तथा विद्यालय में जो भी कमी होगी वह शीघ्र दूर कर दी जायेगी।

पटवारी भर्ती घोटाले के विरोध में युवा कांग्रेस बिछिया ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

मण्डला यशोः-मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस विधानसभा बिछिया के द्वारा मु यालय बिछिया में पटवारी भर्ती परीक्षा में हुए फर्जीवाड़े घोटाले के विरोध में मध्य प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम बिछिया विधानसभा के लोकप्रिय विधायक नारायण सिंह पट्टा जी के द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को उक्त घोटाले के संबंध में जानकारी दी गई एवं मध्य प्रदेश सरकार जो कि 50: कमीशन वाली सरकार है उसके समस्त घोटालों को क्रमशः जनता के सामने अपने उद्बोधन में बताया गया उपस्थित युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा मध्य प्रदेश की भ्रष्ट सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी कर विधानसभा अध्यक्ष विकास साहू द्वारा मु यमंत्री का पुतला दहन किया

उक्त सफल कार्यक्रम मे बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिछिया प्रदीप गोस्वामी ,संगठन मंत्री अशोक राजपूत, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र दीक्षित, मोहन पटेल, दादा भी विश्वकर्मा, सुनहर सिंह राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष घुघरी अरविंद कुशराम, पार्षद नारायणी साहू, पार्षद विकास गवले, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मयंक जोध, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष विनीत टांडिया, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष घुघरी अनुराग शर्मा, टोनी शुभाष मिश्रा, हेमन्त मार्को, निखिल राजपूत, टीकाराम तुमराली दीपक भलावी,पंकज झारिया, अक्षत झारिया प्रफुल्ल तिवारी , राजा राजपूत, राजा चीचम, मुकेश पटैल, वहीद खान , उमेश पटैल, कलीराम मार्को राजू श्रीवास, रामकुमार,लक्ष्मण पन्द्रे, अंकित साहू, दक्ष राय, देवराज सोनवानी, डेविड कुशराम, देवजीत यादव, किशन सिंह, चन्द्रजीत, धनेश्वर संत, कमलेश तेकाम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदेश के साथ ही स पूर्ण जिले में हुआ स्कूल चले हम अभियान की शुभारंभ

सिवनी यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शाजापुर के गुलाना से %स्कूल चलें हम अभियान% के तहत प्रदेश में 17 से 19 जुलाई तक प्रदेश की सभी शासकीय शालाओं में आयोजित होने वाले 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अभियान को जन आंदोलन में परिणित करने की दृष्टि से ''भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम अंतर्गत 17 जुलाई 2023 को जिले के जनप्रतिनिधि, कले टर श्री क्षितिज सिंघल सहित जिला / विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी भी स्कूल चले हम अभियान से जुड़ते हुए शाला में उपस्थित हुए।

इसी परिपेक्ष्य में विधायक सिवनी दिनेश राय द्वारा एकीकृत शाला बंडोल, कले टर क्षितिज सिंघल शासकीय माध्यमिक विद्यालय भोंगाखेड़ा एवं सीईओ जिला पंचायत सिवनी श्रीमति निधि सिंह राजपूत शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी सहित शालावार नियुक्त मॉनीटरिंगकर्ता जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उक्त कार्यक्रम से जुड़े एवं विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। मॉनीटरिंगकर्ता अधिकारियों द्वारा शालाओं में शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षा व्यवस्था, सहित अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया गया तथा छात्र-छात्राओं से शैक्षणिक गतिविधियों संबंधी चर्चा के दौरान में अनुशासन में रहते हुए शैक्षणिक गतिविधियों को पूरी निष्ठा एवं लगन से करते हुए उच्च पद प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से शालाओं में छात्र-छात्राओं द्वारा मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दूरदर्शन, आकाशवाणी एवं अन्य संचार माध्यमों से देखा व सुना गया।

विधायक सिवनी ने पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी से लिया आशीर्वाद

क्षेत्र मे निरीक्षण सहित अनेक कार्यक्रमों मे हुए शामिल

सिवनी यशोः- रविवार 16 जुलाई को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पूज्यनीय महामंडलेश्वर स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार को प्रातः 11: 30 बजे भगवान शिव की नगरी सिवनी की पावन धरा से होते हुए जबलपुर शहीद स्मारक गोलबाजार मे आयोजित वृत्तचित्र ध्वनियां नर्मदा की का प्रथम प्रदर्शन कार्यक्रम हेतु जा रहे पूज्यनीय महामंड्लेश्वर स्वामी श्री ईश्वरानंद जी (उत्तम स्वामी) का सिवनी के बटवानी ग्राम के पास अल्प समय के लिए आगमन हुआ। जहां पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने स्वामी जी की आत्मीय आगवानी करते हुए फूलमालाओं से स्वागत किया । साथ ही श्रद्धापूर्वक शाल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने श्रीसिद्ध शनिधाम मंदिर प्रांगण पलारी टेकरी मे सिवनी विधानसभा भारतीय जनता पार्टी संगठन स्तरीय टिफ़िन पार्टी मे सहभागिता किया। जिसमे आपने समस्त भाजपा पदाधिकारियों व देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर भोजन गृहण किया। तदुपरांत विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आलोक दुबे जिलाध्यक्ष भाजपा, संतोष अग्रवाल वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष,मनीष मोनू मिश्रा विधायक प्रतिनिधि खेल विभाग एवं कृष्ण कुमार चौरसिया जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के साथ शनिधाम टेकरी मे खेल और युवा कल्याण विभाग सिवनी के द्वारा 11 लाख की लागत से स्थापित किये जा रहे ओपन जिम के स्थापन कार्य का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन नजीर हाटल के संचालक शाहिद खान नजीर के ग्राम मोहगांव स्थित नवीन प्रतिष्ठान न्यू आउटलेट रेस्टोरेंट के शुभारंभ कार्यक्रम मे शामिल हुए। तथा श्री ख़ान को नवीन प्रतिष्ठान के शुभकामनाएं दीं।

दस्तक अभियान प्रथम चरण का आयोजन आज से

मंडला यशोः- दस्तक अभियान अंतर्गत 5 वर्ष उम्र तक के बच्चों में प्रमुख बाल्यकालीन बीमारियों की सक्रिय पहचान एवं प्रबंधन किया जाता है, ताकि बाल मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। वर्ष 2023-24 में दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से 18 जुलाई से 31 अगस्त 2023 तक किया जाना है। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं के संयुक्त दल द्वारा 5 वर्ष तक के बच्चों के घर-घर जाकर उनकी चिकित्सीय जांच एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित करने हेतु समुदाय में बीमार नवजातों और बच्चों की पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल किया जाएगा।

इसी प्रकार 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान रेफरल एवं प्रबंधन, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओ.आर.एस. एवं जिंक उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता एवं प्रत्येक घर में गृहभेट के दौरान ओ.आर.एस. पहुँचाना, (सघन दस्त रोग पखवाड़ा-आई.डी.सी.एफ गतिविधि का आयोजन) 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान, 5 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों में श्रवणबाधिता एवं दृष्टिकोण की पहचान/पुष्टि कर आरबीएसके के कार्यक्रम में पंजीयन कर उपचारित करना, समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति संबंधी समझाईश समुदाय को देना, एस.एन.सी.यू. एवं एन.आर.सी. से छुट्टी प्राप्त बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप को प्रोत्साहन तथा गृहभेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुये बच्चों की टीकाकरण की स्थिति की जानकारी लेना शामिल हैं।

देश के विकास में युवाओं की सहभागिता आवश्यक - कुलस्ते

जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम संपन्न

मंडला यशोः- डाईट सभाकक्ष में जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते के मु य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मण्डला विधायक देवसिंह सैयामए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशरामए नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहाए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संदीप सिंगौरए सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि देश के विकास में युवाओं की सहभागिता आवश्यक है। उन्?होंने अपने संबोधन में युवाओं को भारत के गौरवशाली इतिहास का अध्ययन कर उससे प्रेरणा लेने की बात कही। विधायक देवसिंह सैयाम ने कहा कि युवा अपने जीवन में सिर्फ पढ़ाई तक सीमित न रहें बल्कि अच्छे संस्कारों को भी महत्व दें। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र युवाओं की प्रतिभाओं को लगातार निखारने का काम कर रही है। इस तरह के उत्सव में युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में पेंटिंगए कविता लेखनए मोबाईल फोटोग्राफीए भाषणए सामूहिक लोकनृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरित किए गए।

कर्नाटक में जैनाचार्य की हत्या के मामले पर जैन समाज ने सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय
तहसीलदार

छपारा यशोः- कर्नाटक में प्रसिद्ध जैन आचार्य रामकुमार नंदी मुनिराज की हत्या के मामले में जैन समाज में आक्रोश है बताया जाता है कि छपारा नगर के जैन समाज के द्वारा शुक्रवार को जैन समाज के सामाजिक बंधुओं के द्वारा कर्नाटक के चिक्कोड़ी जिले के हीरेखोड़ी ग्रामीण क्षेत्र में एक गुरुकुल जैन आश्रम की स्थापना की गई थी जिसके माध्यम से वे लगभग 15 सालों से शिक्षा का प्रसार कर ग्रामीणों के विकास एवं उत्थान का महान काम कर रहे थे वह निकट के नंदी पर्वत आश्रम पर निवास भी कर रहे थे. 7 जुलाई को जबरन आश्रम में घुसकर उनके साथ मारपीट की करंट लगाकर भीषण यातनाएं और फिर ` रूरता पूर्वक उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर बर्बरता की सारी सीमाएं लांग दी स्वतंत्र भारत के इस सबसे जघन्य हत्याकांड के कर्नाटक के गौरवशाली इतिहास पर एक काला धब्बा लगा दिया है .संपूर्ण विश्व का जैन समाज इस अशोभनीय बर्बरता घटना से बेहद दुखी होकर सदमे में है. और आक्रोशित भी है. पूज्य साधुओं की सुरक्षा कर सकें इस संबंध में उन्होंने नि न बिंदुओं पर अपनी ज्ञापन के माध्यम से बात रखी है स्पेशल पुलिस स्टार्ट कोर्ट के माध्यम से गंभीरता से जांच कराई जाए और अपराधियों को तुरंत गिर तार किया जाए अपराधियों के खिलाफ सरकार 5 -6 सप्ताह के अंदर चार्जशीट दाखिल करें फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से अपराधियों पर मुकदमा चलवा कर उन्हें शीघ्र मृत्युदंड की सजा दिलाई जाए प्रदेश में अन्य दिगंबर जैन साधुओं की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था कराई जाए यह मांग छपारा जैन समाज के द्वारा मु यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर की गई है इस दौरान छपारा नगर का सकल जैन समाज के लोग मौजूद रहे इस दौरान जैन सभा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदेश जैन भी उपस्थित रहे

सर्पदंश के बचाव, इलाज एवं भ्रांतियाँ

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें कहा गया है कि बरसात के दिनों में सर्प के काटने के अत्यधिक केस आते हैं। सर्प के काटने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। आमजन सर्पदंश को अनदेखा न करें। पीड़ित को किसी नजदीकी अस्पताल में तुरंत लेकर जाएं। झाड़-फूक में ना रहें। सांप के दांत के नीचे विष की थैली होती है। सर्प काटने पर विष सीधे शरीर में खून के माध्यम से फैल जाता है। सामान्यतः जहरीले सापों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते हैं। गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते हैं। परंतु ये दिखाई नही देते हैं। ये सोचना गलत होगा कि सांप ने नहीं काटा। ज्यादातर सांप गैर विषैले भी होते हैं।

लक्षण- सांप के काटने पर लगभग 95 प्रतिशत मामलों में पहला लक्षण नींद का आना, इसके साथ ही निगलने या सांस लेने में तकलीफ होना। आमतौर पर सर्पदंश पर आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

यह ना करें- रस्सी से ना बांधे, ब्लेड से ना काटें। पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल न करें। मुँह से खून ना चूसें। ओझा-गुनिया के पास ना जायें। अंधविश्वास में ना पड़ें।

यथा संभव नि नानुसार कार्य करें सांप के काटे व्यक्ति को दिलासा दिलायें। घटना के तथ्यों का पता लगायें। गीले कपड़े से डंक के जगह की चमड़ी को साफ करें जिससे वहाँ पर लगा विष निकल जाये। सांप काटे व्यक्ति को करवट सुलायें योंकि कई बार उल्टी भी होने लगती है, करवट सुलाने से उल्टी श्वसन तंत्र में ना जाये। जहाँ पर सांप ने काटा है उस स्थान पर कपड़े से हल्का सा बाँध देवें ताकि हिलना-डुलना बंद हो जाये।

उपचार- सांप काटे व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाने की व्यवस्था बनायें। सर्प के काटने के जहर को मारने के लिए अस्पताल मेंएंटी स्नेक इंजे शन निःशुल्क लगाया जाता है, जो अस्पताल में उपलब्ध है। डॉ टर की सलाह अनुसार उचित उपचार कराएं।

बचाव- अंधेरे में ना जाएं। गड्ढों या बिलों में हाँथ ना डालें। झाड़ियों में ना जायें। पानी भरे गड्ढों में ना जायें तथा पैरों में चप्पल-जूते पहनकर चलें।

प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित - कुलस्ते

सांसद रोजगार मेला में 299 युवाओं को ऑफर लेटर वितरित

मंडला यशोः- शनिवार को सरदार पटेल कॉलेज में सांसद रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें देश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया। सांसद रोजगार मेले में 1392 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया जिनमें से 299 युवाओं का प्रारंभिक चयन कर ऑफर लेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है। इस अवसर पर मंडला विधायक देवसिंह सैयाम, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिवाकर सिंह, भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य सुधीर कसार सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कुलस्ते ने कहा कि युवाओं को उनकी योग्यता एवं रूचि के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शासकीय, अर्धशासकीय तथा प्राईवेट सै टर में भी अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंनेकहा कि अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रोजगार के क्षेत्र में उठाए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विधायक मंडला देवसिंह सैयाम ने अपने संबोधन में उपस्थित युवाओं से सांसद रोजगार मेला के माध्यम से अपनी योग्यता और रूचि के अनुसार लाभ उठाने का आव्हान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने मेले के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना एक सराहनीय प्रयास है, जिसका स्थानीय लोगों को लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिवाकर सिंह, क्विस कंपनी के सीएमडी महेश्वर डंगवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

इन कंपनियों ने वितरित किए ऑफर लेटर

सांसद रोजगार मेले में 1392 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया जिनमें से 299 युवाओं का प्रारंभिक चयन कर ऑफर लेटर वितरित किए गए। जानकारी के अनुसार क्विस कंपनी के माध्यम से टाटा मोटर्स ने 53, िलपकर्ट ने 39, डि सन ने 38, लावा ने 52, एसबीआई कार्ड ने 24, एमोजोन ने 5, फोन पे 2, एलआईसी 19, एसबीआई इन्स्योरेंस 20 तथा कैप्टन गार्ड ने 47 युवाओं को ऑफर लेटर वितरित किए। चयन प्रक्रिया रविवार को भी जारी रहेगी।

पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा मण्डला की रामनगर इकाई का पुर्नगठन

मंडला यशोः- पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. भोपाल जिला शाखा मण्डला की तहसील शाखा मण्डला के उपाध्यक्ष कमल सिंह उइके के भागीरथ प्रयासों के फलस्वरूप मधपुरी व रामनगर इकाईयों के पुर्नगठन हेतु जिला शाखा के अध्यक्ष व उपप्रांताध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेष्वर सचिव बलराम पाल, कोषाध्यक्ष एस.एन. अली, पदमी अध्यक्ष भगवानदास ठाकुर व मण्डला तहसील अध्यक्ष नागेन्द्रनाथ चौरसिया को अमंत्रित किया गया।

मधपुरी के इकाई अध्यक्ष (सरपंच) एल.आर. उइके व अन्य पेंशनरों के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में जिला पदाधिकारियों का स्नेहिल स्वागत किया गया। उइके जी के द्वारा अपनी कार्य व्यस्तता को देखते हुये यह प्रस्ताव रखा गया कि मेरे सहयोग हेतु एक कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति की जावे, जिससे संगठन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से जारी रखा जा सके। सर्वस मति से प्रहलाद सिंह कुषराम को मधपुरी इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र के साथ ही शपथ ग्रहण कराया गया।

अपरांह दो बजे रामनगर के नवीन पंचायत भवन में क्षेत्रीय पेंशनरों का स्नेह स मेलन आयोजित था। विनोद सुरेश्वर के द्वारा कार्यक्रम का संचालन व स मेलन आयोजित कराने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। नागेन्द्रनाथ चौरसिया व भगवानदास ठाकुर ने अपने उद्धबोधन के द्वारा स मेलन की उपादेयता पर प्रकाष डाला तथा इस बात पर जोर दिया गया कि सं या बल के आधार पर ही शासन को अपनी मांगो की पूर्ति हेतु बाध्य किया जा सकता है।

जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन ने रामनगर इकाई को सक्रिय करने की आवश्यकता पर बल देते हुए यह अवगत कराया कि विगत दो वर्षो से शासन से पेषनरों की नौ सूत्रीय मांगो की पूर्ति हेतु किये गये जिला व तहसील स्तरीय धरना कार्यक्रम व प्रांतीय स्तर पर भोपाल के नीलम पार्क में किये गये विशालतम धरना कार्यक्रम जिसमें जिले से 66 पेंषनरों ने भाग लिया, जिसमे इस क्षेत्र के पेषनरों का प्रतिनिधित्व नहीं हो पाया। अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा कि रामनगर इकाई के नवीन अध्यक्ष का चयन सर्वस मति से किया जावे। उपस्थित पेंषनरों की ओर से राम कुमार दुबे के द्वारा अयोध्या प्रसाद ठाकुर का नाम अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावित किया गया, जिसका पुरजोर समर्थन समस्त पेंशनरों के द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष के द्वारा नवीन अध्यक्ष का तिलक लगाकर स मानित किया गया व रामनगर इकाई के अध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र सौंपा व शपथ दिलाई गई। नव नियुक्त अध्यक्ष के द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया और उन्होंने संकल्प लिया गया कि वे पूर्ण समर्पण से कार्य करते हुये, प्रत्येक पेंशनरों को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे व जिला इकाई के निर्देशानुसार हर संघर्ष में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगें।

कार्यक्रम में गोपाल प्रसाद उसराठे, रामकुमार दुबे, बलदेव सिंह ठाकुर, रामपाल सैयाम परमानंद आर्मो, नवलकिषोर ठाकुर, पुरूषोत्तम लाल चक्रवर्ती व अनेको पेंशनरों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बरसात में होने वाली संक्रामक बीमारी से बचें

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जनसमुदाय के लिए जारी एडवाइजरी में कहा है कि वर्तमान समय में बरसात में जलजनित बीमारी होने की संभावना होती है। बरसात में अे सर दस्त, उल्टी, बुखार, आव, पेट दर्द, पेचिस, पीलिया, टायफाइड, डायरिया जैसी बीमारियां होती हैं। बीमारी से बचने के लिए सावधान रहें। बीमार न हों, इसके उपाय करें एवं स्वस्थ्य रहें।

बीमारी से कैसे बचें- दस्त, उल्टी, बुखार, आव, पेट र्दद, पेचिस, पीलिया, टायफाइड, डायरिया जैसी संक्रामक बीमारी से बचने के लिए ताजा भोजन करें। शुद्ध पानी पिएं (उबला पानी, आरो का पानी, फिल्टर का पानी, हेंडपंप का पानी पिएं) कुआँ, नदी, नाला का पानी ना पिये। पानी` लोरिनेशन करके पियें। सड़ीगली सब्जी, फल, बासा खाना ना खायें एवं बरसात के दिनों मांस का सेवन ना करें। व्यक्तिगत स्वच्छता अपनायें। खानें की चीजों को छूनें से पहले साबुन से अच्छी तरह हाथ धोएं। संक्रमित चीजों को छूने के बाद या शौंच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं। स्वच्छ शौचालय का उपयोग करें।

उपचार- डॉ टर के परामर्श से उल्टी, दस्त के लिए टेबलेट यूराजोलाडिन मेट्रोंजिन, डायकलोमिन, मेट्रो लोरापामाइड, जिंक ओ.आर.एस. का घोल, खीरा, दही, सिकंजी, चावल का पानी तथा तरल पदार्थों का अधिक मात्रा में सेवन करें।

सुझाव- दस्त से संबंधित संक्रामक बीमारी होने पर नजदीकी अस्पताल जायें, ग्राम स्तर में आशा कार्यकर्ता डिपो होल्डर के माध्यम से जीवन रक्षक दवाइयां प्राप्त करें। बरसात के दिनों में वे टर जनित रोग जैसे- मलेरिया, डेंगू, चिकिनगुनियां, फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां होती है। गंदा पानी, नाली, गडढों में एकत्रित पानी से मच्छर के लारवा से अंडे पनपते हैं।

मलेरिया- मादा एनाफिलिस मच्छर के काटने से मलेरिया होता है।

डेंगू- डेंगू के लारवा साफ पानी में पैदा होता है। जैसे- कूलर, टूटे हुए टायर, टंकी में एडीज मच्छर के लावा पनपते हैं। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है।

चिकिनगुनिया- इसका वायरस सीधे हड्डी पर अटेक करता है जिससे असहनीय दर्द होता है। डेंगू, मलेरिया, चिकिनगुनिया फायलेरिया से कैसे बचें- घर के आसपास की सफाई रखें, पानी इकट्ठा ना होने दें, गड्ढों को भरा जाये, टायर, कबाड़ समान ढक्कर रखें। इनमें पानी इकट्ठा नहीं होने दें। कूलर वा टंकी के पानी को एक सप्ताह में खाली करें। नीम का धुआं करें। शाम के समय खिड़की दरवाजा बंद रखें, रात्री में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। पूरी अस्तीन के कपड़े पहने मच्छर भगाने वाले साधन जैसे- क्रीम, क्वाइल रिपेलेंट इत्यादि का उपयोग करें। बुखार आने पर तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र में जांच करायें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297